मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 314, मुंबई, शुक्रवार, 9 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

## उद्धव गुट के नेता अभिषेक घोसालकर की...
# फेसबुक लाइव के दौरान हत्या




## आरोपी ने मारी 5 गोलियां, की खुदकुशी



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के दहिसर इलाके में बीती रात उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दहिसर के पूर्व नगरसेवक अभिषेक घोसालकर को गुरुवार रात में फेसबुक लाइव के दौरान पांच गोलियां मारी गयी। चौकाने वाली बात यह है कि अभिषेक के साथ फेसबुक लाइव कर रहे मॉरिस नोरोन्हा ने ही गोलीबारी की। कथित तौर पर बाद में मॉरिस भाई ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस बीच जानकारी सामने आ रही है कि मुंबई पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## हत्या मामले में 2 डिटेन, पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

### मॉरिस के पास नहीं था लाइसेंस- पुलिस

मुंबई की एमएचबी पुलिस ने करीब 7 घंटे तक घटनास्थल की जांच के बाद एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और सीसीटीवी फुटेज बरामद किया है। पुलिस ने कहा कि मौके से जो पिस्टल मिली है वह विदेशी पिस्टल है। मॉरिस के पास पिस्टल का लाइसेंस नहीं है। पुलिस को आशंका है कि दोनों के बीच किसी तरह की दुश्मनी थी और इसी वजह से यह वारदात हुई।

**पीए समेत 2 हिरासत में :** इस बीच पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रात में आरोपी शूटर मॉरिस भाई के पीए मेहुल पारिख को हिरासत में ले लिया है। इसके साथ ही रोहित साहू नाम के एक और शख्स को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। क्राइम ब्रांच इस बात की जांच कर रही है कि आखिर किन वजहों से मॉरिस ने अभिषेक को गोली मारी और खुद आत्महत्या की। इस हत्याकांड का कारण क्या था? हर एंगल से मामले की जांच चल रही है। मॉरिस के पीए मेहुल से पूछताछ में बड़ा खुलासा होने की संभावना है।

## फडणवीस दें इस्तीफा- राउत



शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने दहिसर गोलीबारी की घटना पर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस के इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में गुंडा राज चल रहा है। आरोपी मॉरिस भाई चार दिन पहले ही वर्षा बंगले पर सीएम एकनाथ शिंदे से मिला था।

## 'इस सरकार को उखाड़ फेकेंगे'

उद्धव गुट के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा, महाराष्ट्र में इस समय अराजकता का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है... विधायक हों या सांसद कोई सुरक्षित नजर नहीं आ रहा है... क्या विपक्षी लोगों को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है? मुख्यमंत्री से लेकर पूरी की पूरी एनडीए सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में असफल हो गई है... और ये सरकार राम राज्य लाने का वादा करती है... ऐसी सरकार को हम पूरी तरह से उखाड़ फेकेंगे।

## एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा के घर इनकम टैक्स का छापा




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई अंडरवर्ल्ड के कई गुर्गों का खात्मा कर सुर्खियों में आए एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा के घर पर गुरवार को आयकर विभाग (इनकम टैक्स) ने छापेमारी की है। आयकर विभाग ने मुंबई के पूर्व पुलिस अधिकारी शर्मा के अंधेरी स्थित आवास पर छापा मारा। बताया जा रहा है कि इनकम टैक्स की यह कार्रवाई एक पूर्व विधायक के मामले से संबंधित है। आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग की टीम आज दोपहर में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा के मुंबई के अंधेरी (ईस्ट) के चकाला स्थित आवास पर पहुंची और गहन तलाशी ली। रिपोर्ट के मुताबिक, यह छापेमारी एक पूर्व विधायक और सांसद से जुड़ी जांच के तहत थी। पूर्व विधायक पर बड़ी मात्रा में कर चोरी और कथित तौर पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने में शामिल होने का संदेह है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# नवी मुंबई में भीषण सड़क हादसा

## नगर निगम की बस ने कई वाहनों को रौंदा, 1 की मौत




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई के उरण में गुरवार को भीषण सड़क दुर्घटना हुई। नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) की एक इलेक्ट्रिक बस ने छह से सात वाहनों को टक्कर मार दी। दुर्घटना उरण के खोपटा-कोप्रोली रोड पर हुई। हादसे में कम से कम एक शख्स की मौत हो गई। बस ने दो बाइक सवारों, टेम्पो को टक्कर मार दी। इसके अलावा, बस ने तीन से चार अन्य वाहनों को भी रौंद दिया। (शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### फिर भी निशाना कांग्रेस!



**दोनों सदनों में मोदी के भाषण का सार रहा कि कांग्रेस भले आज बेहद कमजोर हो और कुछ बौद्धिक क्षेत्रों को छोड़ कर नेहरू की विरासत को शायद ही कहीं याद किया जाता हो, लेकिन भाजपा अब भी इन दोनों को ही अपनी प्रमुख चुनौती मानती है।**

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों सदनों में निशाने पर कांग्रेस को रखा। पार्टी को गुजरे जमाने की कहानी बताया। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे नेताओं का मखौल भी उड़ाया। मोदी की इस शैली को अनेक लोग संसदीय मयार्दा के अनुरूप नहीं मानते। लेकिन अब उनकी इस शैली से देश भलि-भांति परिचित हो चुका है। यह अपेक्षा अब शायद ही किसी को रहती होगी कि कम-से-कम संसद में बोलते वक्त नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री के अनुरूप बोलेंगे। इसलिए इस बिंदु को छोड़ते हुए उन्होंने जो कहा, उसके मतलब समझने पर लोग अब अधिक ध्यान देते हैं। इस बार दोनों सदनों में दिए उनके भाषण का सार रहा कि कांग्रेस भले आज बेहद कमजोर हो चुकी हो और कुछ बौद्धिक क्षेत्रों को छोड़ कर जवाहर लाल नेहरू की विरासत को शायद ही कहीं याद किया जाता हो, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (और संभवतः उसके मातृ संगठन आरएसएस) की नजर में अब भी ये दोनों को ही उसके लिए प्रमुख राजनीतिक चुनौती हैं। यह बात उसके व्यवहार में भी झलकती है। 2022-23 में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' की जो उपमा उछाली, उससे बने प्रभाव को भाजपा ने पूरी गंभीरता से लिया। खुद राहुल गांधी ने भले उस कथानक को बीच में छोड़ दिया, लेकिन भाजपा ऐसे प्रयासों से उत्पन्न हो सकने वाली चुनौती को बेहतर समझती है। इसीलिए इस बार जब गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की, तो शुरू से ही उसकी चमक फीकी करने की रणनीति पर वह आगे बढ़ी है। इसके लिए कांग्रेस/इंडिया गठबंधन से पाला-बदल कराने का तरीका अपनाया गया है। मुरली देवड़ा और नीतीश कुमार इसकी मिसालें हैं। और इसी क्रम में राहुल की यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश से ठीक पहले जयंत चौधरी के पाला-बदल के कयास को भी मीडिया में उछाला गया है। प्रधानमंत्री ने जिस तरह कांग्रेस और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोला और उन्हें मजाक का पात्र बनाने की कोशिश की, शायद वह भी भाजपा की इसी सुविचारित रणनीति का संकेत है।

# माता रमाबाई के जयंती के अवसर पर पानी और लड्डू हर श्रद्धालुओं को देकर कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**मुंबई।** दिनांक 7 फरवरी इस दिन त्यागमूर्ति माता रमाबाई भीमराव राम जी अंबेडकर जी ने अपने जीवन में अपने बच्चों के प्रति इस देश के संविधान के लिए अपने बच्चों की आहुति दे दी। ऐसी महामानव भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव राम जी अंबेडकर आज पूरे विश्व में भारत के संविधान की रचयिता किया है। जिन्होंने अपने इस संविधान को लागू करने के लिए अपने बच्चों को मरते हुए देखा लेकिन उसे अस्पताल तक लेकर नहीं गए, क्योंकि उनके हाथ में संविधान था उसे लागू करना बहुत जरूरी था, माता रमाबाई भी उतना ही त्याग बलिदान दिया जितना डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव राम जी अंबेडकर जी ने, बलिदान दिया, आज हमारी जिंदगी चल रही है तो उनकी बदौलत माता रमाबाई की बदौलत डॉक्टर बाबासाहेब की वजह से आज हम लोग जिंदा है और अपने अधिकारों को पा रहे हैं, बाबा साहेब के बाद इसका पूरा श्रेय जाता है माता त्याग मूर्ति रमाबाई भीमराव अंबेडकर जी को, जिनकी जयंती 7 फरवरी इसी दिन उनके जयंती मनाया जाता है।

इस दिन पूरे विश्व में माता रमाबाई जी के जयंती के अवसर पर सभी लोग उसकी जयंती मनाते हैं। वैसा ही उनकी जयंती वर्ली विधानसभा में मनाया गया। जहां पर त्यागमूर्ति माता रमाबाई जी की श्मशान भूमि है, इस दिन यहां पर लोग आकर माता रमाबाई जी के जयंती के अवसर पर धूम धड़ाके से उनकी जयंती मनाते हैं। पिछले साल की तरह इस साल भी वर्ली विधानसभा में बहुत ही धूमधाम से इस कार्यक्रम को मनाया गया कार्यक्रम में आयोजन के रूप में माननीय




श्रीमती रेणुका तांबे ताई जो शिवसेना में विभाग प्रमुख के स्थान पर अपने कार्यों को अंजाम देती है। उनके कार्यक्रम में कार्यक्रम में शामिल आमदार खासदार, के साथ-सा साथ हमारे सभी के दिल की धड़कन कार्य सम्राट श्री संतोष खरत जी, जो बहुजनों के दिल की धड़कन है, उनके कार्य से लोगों ने जानते हैं वर्ली विभाग के सीनियर इंस्पेक्टर श्री रविंद्र काटकर साहब जीने प्रमुख उपस्थित दी, सेलिब्रिटी योग गुरु श्री राधेश्याम जयसवार साहेब जो अपने पूरे जीवन में सोशल कार्यों के लिए जाने जाते हैं, बहुजन समाज को एकजुट करने में उनका बहुत बड़ा सहयोग राहता है, उनकी उपस्थिति हर कार्यक्रमों में ज्यादा तर चीफ गेस्ट के रूप में ही उपस्थिति होती है। योग गुरु राधेश्याम का इतना मान सम्मान उनके कार्यों की वजह से उनको मिलता है। कार्यक्रम का आयोजन में कोई भी कमी नहीं रही सोशल वर्कर श्री रेणुका ताई अपने कार्य के लिए जानी जाती है इन्होंने सभी बहुजन नेताओं को आमंत्रित किया सभी सोशल वर्कर को आमंत्रित किया और माता रमाबाई के जयंती के अवसर पर पानी और लड्डू हर श्रद्धालुओं को दिए कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

# ख्वाजा गरीब नवाज पैदल यात्रियों का किया खेरमकदम



**मुंबई हलचल/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**आमेट।** ख्वाजा गरीब नवाज पैदल यात्री जो उदयपुर से चल कर बुधवार सांय यहाँ आमेट अन्जुमन पहुंचे उनका खेरमकदम आमेट के पूर्व सदर जाफर खान फौजदार, अमीर मोहम्मद सोरगर, पूर्व पार्षद ताहिर अली सोरगर, मुस्लिम महासभा के ब्लॉक उपाध्यक्ष आजाद शाह, अशफाक हुसैन सोरगर, जीलानी शाह, साहिल शाह आदि द्वारा किया, यहाँ मारू दरवाजा अन्जुमन गौसिया रिजविया में ठहराव एवम जल पान आदि की व्यवस्था की गई जिसमें पैदल यात्री नाशीर खान, राशिद खान, हाजरा बी, शबाना बेगम, रिहाना बानू, रिजवाना बेगम, रानी बानू, जोया बेगम, साहिना खान, फरजाना बेगम, नफीसा बी, रशीदा बेगम, जमीला बानू, अकीला, फरीदा बानू, वकीला बेगम, अरमान, तनवीर खान, माहींन, हसीना, तन्विरा एवम बीटू आदि जो अपनी मन्नत पूरी होने से उदयपुर से अजमेर शरीफ पैदल चलकर अपनी मन्नत एवम ख्वाजा गरीब नवाज से अपने मुल्क के लिए अम्नो सुकून के वास्ते गरीब नवाज को पैदल चले जिसमे मासूम बच्चे मात्र आठ वर्ष ओर ग्यारह वर्ष के बीटू व अरमान भी पैदल यात्रा में शामिल है, इस दरमियान यह सभी यात्री रात्रि विश्राम कर, गुरुवार अल सुबह चार बजे अजमेर के लिए रवना हुए।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक- **दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस, मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301, इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड, मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# अनाधिकृत निर्माण, संकरी गली में विद्यमान





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कौसा-मुंब्रा/ठाणे।** महानगरपालिका के अंतर्गत सीधे तौर पर आने वाला यह क्षेत्र भी अवैध निर्माण की गतिविधि में संलग्न है। इस अवैध निर्माण की दो इकाईयां पूर्ण हो चुकी हैं और तीसरी इकाई की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए लोहे की चादर का घेरा भी कर दिया गया है। यह कथित अनाधिकृत भवन निर्माण कौसा के मशहूर आयडियल मार्केट के समीप महानगरपालिका द्वारा स्थापित उर्दु स्कूल के ठीक पिछे वाली संकरी गली में चल रहा है, जो कि मनपा स्कूल की खिड़कियों से भी देखा जा सकता है। किन्तु यह सब अवैध निर्माण मनपा अधिकारियों को नही दिखता है? चूँकि अभी तो इस क्षेत्र के नगर सेवक सेवा निवृत्त की भांति ही हैं, ऐसी स्थिति में मनपा आयुक्त की सीधी जिम्मेदारी बनती है कि वह इस अवैध रूप से बनायी गयी और बनाई जा रही इमारत पर प्रशासनिक कारवाई करे। अन्यथा यही समझा जाएगा कि मनपा आयुक्त भी सेट हो गए हैं?

# कर्नाटक टूरिज्म रोड शो में लोगों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** कर्नाटक टूरिज्म की ओर से हाल ही में मुंबई के विले पार्दले में स्थित द ऑर्किड होटल में रोड शो के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में ट्रैवल उद्योग से जुड़े विभिन्न ट्रैवल एजेंट से लेकर टूर ऑपरेटरों के अलावा बड़ी संख्या में मीडिया के प्रतिनिधी भी शामिल हुए। कर्नाटक सरकार के कर्नाटक राज्य पर्यटन विकास निगम (केएसटीडीसी) के अलावा जंगल लॉज, रिसॉर्ट्स और प्रमुख हितधारकों संयुक्त रुप से आयोजित इस कार्यक्रम में कर्नाटक के विभिन्न जगहों पर स्थित जीवंत टेपेस्ट्री का अनावरण किया गया।




इसके अलावा यहां कई छिपे स्थलों पर अमूल्य रत्नों और इसी तरह की कई अन्य स्थलों का पता लगाने की इच्छा को प्रज्वलित किया गया। कर्नाटक पर्यटन की ओर से इस मौके पर प्रमुख लोगों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने राज्य की समृद्ध विरासत की एक ज्वलंत तस्वीर पेश की। जिसमें हम्पी और बादामी जैसे विस्मयकारी ऐतिहासिक स्थल, चिकमगलूर और कूर्ग जैसे शांत हिल स्टेशन, समृद्ध वन्यजीव अभयारण्य, कोंकण तट के साथ प्राचीन समुद्र तट, बेंगलुरु और मैसूर जैसे केंद्र शामिल हैं। इस दौरान आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में कर्नाटक एक विविध अनुभवों के केंद्र, रोमांचक साहसिक गतिविधियों, गहन सांस्कृतिक मुठभेड़ों और अद्वितीय होमस्टे का प्रदर्शन किया गया, जो हर पर्यटक की घूमने की इच्छा को पूरा करता है। कार्यक्रम में एक मनमोहक नृत्य प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा इस रोड शो में पारंपरिक पोशाक में सजे प्रतिभाशाली नर्तकियों ने कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में यक्षगान नृत्य शैली की ऊजार्वान अभिव्यक्ति से दर्शकों का मन मोह लिया। यह रोड शो विभिन्न तरह के रंगबिरंगे गतिविधियों से भरा रहा, इसके साथ यहां बी2बी बैठकों ने कर्नाटक के पर्यटन प्रतिनिधियों और मुंबई स्थित यात्रा पेशेवरों के बीच उपयोगी संबंध स्थापित किए गये। इसके साथ इस कार्यक्रम में 125 से अधिक उत्साही ट्रैवल एजेंटों और टूर ऑपरेटरों ने व्यक्तिगत यात्रा कार्यक्रम तैयार करने और कर्नाटक को मुंबई के लिए प्रमुख यात्रा गंतव्य के रूप में स्थापित करने को लेकर गंभीर चर्चा हुई। मुंबई में कर्नाटक पर्यटन रोड शो की शानदार सफलता ने दोनों राज्यों के बीच मजबूत पर्यटन आदान-प्रदान और आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया है। अपने समृद्ध अनुभवों और गर्मजोशी भरे आतिथ्य के साथ, सदियों से कर्नाटक मुंबई और उसके बाहर के समझदार यात्रियों को अपने भीतर एक अविस्मरणीय यात्राओं का वादा करते हुए आकर्षित करता रहा है।

# गुमशुदा की तलाश



**आफताफ आलम असगर इद्रिसी**

**उम्र -30 वर्ष**

**पता- इद्रिसी सोसायटी, संजय नगर, पठानवाडी, कुरारगांव, मालाड मुंबई.**

**यह तारीख 01/02/2024 से लापता है.**

**पहनावा - सफेद टी शर्ट और काली पैंट.**

**अगर इस आदमी के बारे में किसी को कुछ पता हो तो तुरंत नीचे दिये गये नंबर पर संपर्क करके जानकारी दें.**

**कुरार पुलिस ठाणे, मुंबई**

**9766137921/9870204299/8756060596**

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**उद्धव गुट के नेता अभिषेक घोसालकर की फेसबुक लाइव के दौरान हत्या**

मिली जानकारी के मुताबिक, अभिषेक घोसालकर हत्याकांड मामले में मेहुल पारिख और रोहित साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही हैं। बताया जा रहा है कि जब गोलीबारी हुई तब मेहुल भी घटनास्थल पर मौजूद था। इस बात का जिक्र फेसबुक लाइव के दौरान घोसालकर की हत्या करने वाले मॉरिस ने किया था। अभिषेक घोसालकर उद्धव गुट के पूर्व विधायक विनोद घोसालकर के बेटे हैं। फेसबुक लाइव खत्म होते ही अभिषेक को मॉरिस ने ताबड़तोड़ पांच गोलियां मारीं, जिनमें से तीन गोलियां लगीं। अस्पताल में अभिषेक को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मृतक आरोपी मॉरिस के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। उद्धव खेमे के नेता अभिषेक घोसालकर पर फायरिंग की घटना के बाद शहर में हड़कंप मच गया है। पिछले कुछ दिनों से राज्य में लगातार गोलीबारी की ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जिससे राज्य में कानून-व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। इसलिए दहिसर मामले पर गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संज्ञान लिया है और उन्होंने पुलिस से पूरी घटना की जानकारी ली है। खबर है कि देर रात सीएम शिंदे और फडणवीस ने भी मामले पर चर्चा की है। इस मामले में मुंबई पुलिस ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। एक एफआईआर शिवसेना (यूबीटी) नेता अभिषेक घोसालकर की हत्या के लिए और दूसरी एडीआर (एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट) मॉरिस की आत्महत्या के लिए दर्ज की गई है। मॉरिस भाई के खिलाफ आईपीसी की धारा 302, शस्त्र अधिनियम की धारा 3 और 25 और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37 (1) (ए) और 135 के तहत मामला दर्ज किया है।

**एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा के घर इनकम टैक्स का छापा**

बताया जा रहा है कि शर्मा के उनसे संबंध रहे है। प्रदीप शर्मा ने 1983 में सब-इंस्पेक्टर के तौर पर मुंबई पुलिस ज्वाइन की थी। मुंबई अंडरवर्ल्ड से संबंधित 300 से अधिक मुठभेड़ों में वें शामिल रहे हैं। जिनमें से 113 एनकाउंटर उनके नाम पर दर्ज हैं। प्रदीप शर्मा का विवादों से गहरा नाता रहा है। शर्मा उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया के पास वाहन में विस्फोटक मिलने के मामले में भी आरोपी है। उन पर एंटीलिया बम कांड के साथ ही ठाणे के कारोबारी मनसुख हीरेन की हत्या की साजिश में शामिल होने का भी आरोप है। इस मामले में उन्हें कुछ महीने के लिए जेल भी हुई थी। लेकिन अगस्त 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रिटायर्ड वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रदीप शर्मा को गिरफ्तार किया था।

**नवी मुंबई में भीषण सड़क हादसा**

नवी मुंबई बस हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। बस की जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एक बाइक सवार ने दम तोड़ दिया है, जबकि एक अन्य की हालत गंभीर है।

## खबर संक्षेप

### आर्सेलर मित्तल को 296.6 करोड़ डॉलर का शुद्ध घाटा




**नयी दिल्ली/लक्जमबर्ग।** इस्पात क्षेत्र की दिग्गज कंपनी आर्सेलरमित्तल को बीते साल की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 296.6 करोड़ डॉलर का शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी ने इसके लिए इस्पात की कम कीमतों को कारण बताया है। कंपनी जनवरी-दिसंबर के वित्त वर्ष का अनुपालन करती है। लक्जमबर्ग की कंपनी ने पिछले साल की समान तिमाही में 26.1 करोड़ डॉलर का शुद्ध लाभ कमाया है। इस दौरान कंपनी का इस्पात उत्पादन मामूली बढ़कर 1.37 करोड़ टन रहा, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1.32 करोड़ टन था।

### एलआईसी के शुद्ध लाभ में 49 प्रतिशत की वृद्धि




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 49 प्रतिशत बढ़कर 9,444 करोड़ रुपये हो गया। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,334 करोड़ रुपये रहा था। एक साल पहले की समान तिमाही में 1,11,788 करोड़ रुपये थी। एलआईसी कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में उसकी शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 1,17,017 करोड़ रुपये हो गई।

# ई-रुपए का 'ऑफलाइन' लेनदेन शुरू करेगा आरबीआई : दास

मुंबई हलचल / मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) पायलट परियोजना में 'ऑफलाइन' लेन-देन शुरूआत करने घोषणा की। इसका मतलब है कि डिजिटल रुपये के उपयोगकर्ता सीमित इंटरनेट कनेक्शन वाले क्षेत्रों में भी लेनदेन कर सकेंगे।

- आरबीआई ने दिसंबर, 2022 में खुदरा सीबीडीसी की प्रायोगिक शुरुआत की थी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि प्रायोगिक परियोजना के तहत इसमें कार्यक्रम आधारित अतिरिक्त उपयोग को शामिल किया जाएगा। आरबीआई ने दिसंबर, 2022 में खुदरा सीबीडीसी की प्रायोगिक शुरुआत की थी। इसने दिसंबर, 2023 में एक दिन में 10 लाख लेनदेन का लक्ष्य हासिल कर लिया था।

## उपयोगकर्ता सीमित इंटरनेट कनेक्शन वाले क्षेत्रों में भी लेनदेन कर सकेंगे

### यूपीआई में पहले से ऑफलाइन सुविधा

उल्लेखनीय है कि अन्य भुगतान मंच, विशेष रूप से बेहद लोकप्रिय यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) में पहले से ही ऑफलाइन की सुविधा दी जा चुकी है। दास ने कहा, 'खराब या सीमित इंटरनेट संपर्क वाले क्षेत्रों में लेनदेन को सक्षम करने के लिए सीबीडीसी-खुदरा (रिटेल) में एक ऑफलाइन सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव है।'





### पहाड़ी व ग्रामीण क्षेत्रों में होगा परीक्षण

दास ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए पहाड़ी क्षेत्रों, ग्रामीण और शहरी स्थानों पर कई 'ऑफलाइन' समाधानों का परीक्षण किया जाएगा। दास ने कहा कि अभी इसके तहत बैंकों द्वारा प्रदान किए गए डिजिटल रुपये वॉलेट का उपयोग करके व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) और व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) लेनदेन को सक्षम बनाती है।

### कंपनियां भी कार्यक्रम आधारित खर्च करने सक्षम होगी

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि अब इसे कार्यक्रम आधारित ऑफलाइन रूप से सक्षम करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम आधारित क्षमता के जरिये सरकारी एजेंसियों जैसे प्रयोगकर्ता निश्चित लाभ के लिए भुगतान सुनिश्चित कर सकेंगी। कंपनियां भी अपने कर्मचारियों के लिए कारोबारी यात्रा जैसे कार्यक्रम आधारित खर्च में सक्षम हो सकेंगी।

## नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर बढ़ी अनिश्चितता

# आरबीआई मौद्रिक समीक्षा के बाद शेयर बाजार ने शुरुआती लाभ गंवाया, सेंसेक्स 723 अंक लुढ़का

मुंबई हलचल / मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 723 अंक से अधिक लुढ़क गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से बैंक और वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया।


तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में बढ़त में था, लेकिन बाद में यह 723.57 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,428.43 अंक पर बंद हुआ। आरबीआई की मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद बाजार नुकसान में आया और एक समय यह 921.38 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 212.55 अंक गिरावट के साथ 21,717.95 अंक पर बंद हुआ।

### ऊर्जा तथा आईटी शेयरों में रही तेजी

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार छठी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। ब्याज दर से संबंधित बैंक और वित्तीय सेवाएं, वाहन, रियल्टी और जिंस कंपनियों के शेयर दबाव में रहे जबकि ऊर्जा तथा आईटी शेयरों में तेजी रही।

## बैंकिंग और वाहन शेयरो में बिकवाली से बाजार आया नीचे

- एक समय सैंसेक्स 921 अंक से अधिक लुढक चुका था
- निफ्टी में भी 212 अंक की बड़ी गिरावट दर्ज



### महंगाई अभी भी लक्ष्य से ऊपर

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाया गया है, पर केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति और बैंक नकदी को लेकर सतर्क बना हुआ है। रेपो दर में मई, 2022 से छह बार में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ अभी पूरी तरह नहीं मिला है और मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है।

### नुकसान में रहे शेयर

सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और मारुति सर्वाधिक नुकसान में रहीं।

### लाभ में रहने वाले शेयर

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, पावरग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.44 प्रतिशत नीचे आया, जबकि मिडकैप 0.08 प्रतिशत चढ़ गया।

### एलआईसी बनी पांचवीं सबसे मूल्यवान कंपनी

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयरों में बृहस्पतिवार को छह प्रतिशत से अधिक का उछाल आने के बाद इसका बाजार मूल्यांकन 6.99 लाख करोड़ रुपये हो गया और यह देश की पांचवीं मूल्यवान कंपनी बन गई। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का शेयर बीएसई पर 5.86 प्रतिशत चढ़कर 1,106.25 रुपये के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 9.51 प्रतिशत बढ़कर 1,144.45 रुपये के अपने रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था। शेयरों के भाव में इस तेजी से एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 38,740.62 करोड़ रुपये बढ़कर 6,99,702.87 करोड़ रुपये हो गया। पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का शेयर दो दिन चढ़ने के बाद बृहस्पतिवार को 10 प्रतिशत गिर गया। बीएसई पर कंपनी का शेयर अच्छी शुरुआत के बावजूद 9.99 प्रतिशत गिरकर 446.65 रुपये पर बंद हुआ।

# नडेला के 'कोड विदआउट बैरियर' कार्यक्रम का भारत में विस्तार

मुंबई हलचल / मुंबई



माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने 'कोड विदाउट बैरियर्स' कार्यक्रम का भारत में विस्तार करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसका लक्ष्य 2024 तक 75,000 महिला डेवलपर्स को प्रशिक्षित करना है। नडेला ने यहां 'माइक्रोसॉफ्ट एआई टूर' में 1,100 डेवलपर्स और प्रौद्योगिकी दिग्गजों को संबोधित करते हुए विश्वस्तर पर एआई नवाचार में तेजी लाने में भारतीय डेवलपर्स भी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देशभर में प्रौद्योगिकी कौशल तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने के लिए है। नडेला ने कहा, मैं जिन चीजों को लेकर बेहद खुश हूं उनमें अपनी एक पहल जिसे हम 'कोड विदाउट बैरियर्स' कहते हैं उसका भारत में विस्तार करना और 2024 तक 75,000 महिला डेवलपर्स की मदद करना है।माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, 'कोड विदाउट बैरियर्स' कार्यक्रम का इस महीने भारत में विस्तार किया जाएगा।

# कानपुर में लोडर से टकराई स्कूली वैन, एक बच्चे की मौत, कई गंभीर घायल

**कानपुर।** तेज रफ्तार और लापरवाही से बैंक चल वाहन चलाने की घटना ने एक बच्चे की जान ले ली, जबकि कई घायल हो गए। अरौल थाना क्षेत्र में यह हादसा एक स्कूली वैन के लोडर से टकराने के फलस्वरूप हुआ। जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई और बच्चे घायल हो गए ,जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ओमनी चालक हरिओम कटियार को इलाज हेतु सीएचसी बिल्हौर भेज दिया गया। साथ ही इस घटना में पुलिस ने उलसान थाना सिकन्दरा कानपुर देहात को पुलिस ने हिरासत में लिया है।पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद है। मौके पर पहुंची पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना के समय वैन में करीब एक दर्जन बच्चे सवार थे। इस बीच इस मामले में परिवहन विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बिना आरटीओ पास के वैन को रवाना कर दिया गया। पुलिस के अनुसार जीपीआरडी कॉलेज की ओमनी कार सरैय्या के पास एक लोडर से टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन में सवार आठ बच्चे गंभीर रुप से घायल हो गए जबकि एक छात्र यश की मृत्यु हो गई।

# आखिर पलायन कब तक के ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचें असली पीड़ित




**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**'आखिर पलायन कब तक'** फिल्म का मर्मस्पर्शी ट्रेलर रिलीज हो गया हैं, और फिल्म के इतिहास में आज पहली बार किसी फिल्म-निर्माता ने उन सभी पीड़ितों को स्टेज पर इन्वाइट किया और उन्ही की जुबानी उनकी दर्दनाक कहानी मीडिया और फेन्स के सामने रखी, जिस पर फिल्म आधारित हैं। मुकुल विक्रम द्वारा निर्देशित और लिखित, सोहनी कुमारी और अलका चौधरी द्वारा निर्मित, 'आखिर पलायन कब तक' का ट्रेलर आज एक शानदार इवेंट के साथ मुंबई में लांच हुआ। ट्रेलर लांच के दौरान फिल्म की टीम ने 'वक्फ बोर्ड' की दादागिरी से पीड़ित लोग को स्टेज पर इन्वाइट किया, जिन्होंने अपनी कहानी सबके सामने रखी। हालांकि ज्यादातर पीड़ित सामने आने से डर रहे थे, लेकिन कुछ एक ने कैमरा का सामना करते हुए अपनी दर्दनाक कहानी सब को सुनाई। जो लोग डरे हुए थे, वो सब अपनी पीठ मीडिया के तरह करके स्टेज पर खड़े रहे, वही दो हिम्मती लोगो ने कैमरा को फेस किया। पीड़ितों के जज्बे को सलाम करते हुए फिल्म निर्माता और एक्ट्रेस सोहनी कुमारी ने बताया, 'ये फिल्म बनाना आसान नहीं था, मुझे आज भी धमकी भरे कॉल आते हैं, मुझे डराने और धमकाने की बहुत कोशिश की गई, लेकिन हमारे पूर्वज ने अपने सिद्धांतो और सताए की रक्षा करने के लिए अपने सर कटाये हैं, यही धर्म हैं, मुझे कुछ हो गया तो परिवारी में एक शहीद और बढ़ जाएगा, लेकिन ये सचाई सबके सामने लाना जरूरी हैं। अब वक्फ-बोर्ड की दादागिरी और गुंडागर्दी नहीं चलेगी'। फिल्म मुसलमानों द्वारा जानबूझकर हिंदुओं को निशाना बनाने पर आधारित कहानी है। यह एक जवलनशील मुद्दा हैं, है कि कैसे एक मुस्लिम बोर्ड हिंदुओं की जमीन पर कब्जा करके उन्हें निशाना बनाता है। फिल्म में राजेश शर्मा, भूषण पटियाल, गौरव शर्मा, चितरंजन गिरी, धीरेंद्र द्विवेदी और सोहनी कुमारी हैं। आखिर पलायन कब तक' उन सभी सिनेमा प्रेमियों और फिल्म प्रेमियों के लिए ट्रीट होगी, जो यथार्थवादी सिनेमा देखना पसंद करते हैं। यह फिल्म जीवन और समाज की वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म डायरेक्टर मुकुल विक्रम बोले, हमें को पोलिटिकल एजेंडा या धर्म विशेष को टारगेट नहीं कर रहे है, यह बहुत से परवारो की एक सच्ची कहानी हैं, जिसे लोगो तक पहुंचना बहुत जरूरी हैं, और वही हमने किया हैं।

आखिर पलायन कब तक की कहानी हत्याओं, एक थाने में हाल ही में तैनात एक पुलिस इंस्पेक्टर, एक लापता परिवार और उसके चार सदस्यों और कई अन्य रोमांचों के इर्द-गिर्द घूमती है, लेकिन असल में कहानी हमें कश्मीरी पंडितों को मुस्लिम 'मोहल्लों' में रहने के घातक और भयानक अनुभवों को उजागर करती हैं, की कैसे अल्पसंख्य और बहुसंख्यक समुदाय एक दूसरे के प्रति नफरत और द्वेष रखते हैं, और एक दूसरे को दबाने, डराने और बेइज्जत करने के लिए कैसे कैसे हथकंडे इस्तेमाल करते हैं। आखिर पलायन कब तक दर्शकों को पसंद आएगी, क्योंकि इस फिल्म में ऐसा कुछ हैं जो हम सबकी कहानी हैं, एक बुरे सामजिक सच की कहानी, जिसे देखा और महसूस सभी ने किया हैं, लेकिन उसके खिलाफ आवाज कभी नहीं उठाई। फिल्म आगामी 16 फरवरी को सिनेमा-घरो में रिलीज होगी।

# नवनियुक्त पटौदी एसडीएम होशियार सिंह का किया स्वागत



**पटौदी।** सामाजिक संस्था एंटी करप्शन ब्यूरो ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय चेयरमैन मा. सुरेंद्र चौहान ने पटौदी के नवनियुक्त उपमंडल अधिकारी होशियार सिंह का बुक्के देकर स्वागत किया है। इसी के साथ नवनियुक्त अधिकारी को संस्था की तरफ से अवार्ड ऑफ हॉनर सम्मान देकर शुभकामनाए दी है। श्री चौहान ने बताया कि समाज मे सामाजिक संगठनों का बहुत बड़ा योगदान होता है। एसडीएम ने बताया कि उनका मुख्य मकसद आम जन की समस्याओ का सही समय और निपटारा करना होगा और क्षेत्र मे शांति का माहौल बनाना होगा।

उत्तराखंड हलचल

# अप्रैल से चलेगी पहली मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन: महाराज

## विभागीय मंत्री की उपस्थिति में पर्यटन विकास परिषद और आई.आर.सी.टी.सी. के मध्य हुआ करार

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**देहरादून।** पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज की उपस्थिति में पर्यटन विभाग एवं आई०आर०सी०टी०सी० के मध्य देश के विभिन्न क्षेत्रों से राज्य के अल्पज्ञात गंतव्यों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन मानस एक्सप्रेस चलाए जाने के लिए अनुबंध किया गया है। पर्यटन विभाग की ओर से डा० हरीश रेड़तोलिया, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तथा आई०आर०सी०टी०सी० की ओर से समूह महाप्रबन्धक सुनील कुमार, द्वारा अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये।



पर्यटन मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटन विभाग की यह महत्वाकांक्षी योजना है, जिससे हमारे राज्य के सुदुरवर्ती मंदिर, गंतव्य स्थान, डेस्टिनेशन अब रेल की कनैक्टिविटी से जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले पर्यटक/श्रद्धालु टेज्न के गंतव्य स्थल के बाद बस सर्विस के जरिये अपने गंतव्य स्थानों तक पंहुचकर दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मानसखण्ड माला के लिए यह बहुत ही सुन्दर कनैक्टिविटी है। उन्होंने कहा कि बड़ी प्रसंशा हो रही है कि उत्तराखण्ड पर्यटन विभाग तथा भारतीय रेल के मध्य यह एमओयू हुआ है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों से आग्रह किया कि मानसखण्ड आइए आदी कैलाश, ओम पर्वत तथा यहां जो अलब्य स्थान हैं उनके दर्शन किजिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान उत्तराखंडी व्यंजन परोसे जाएँगे तथा पर्यटन विभाग द्वारा प्रशिक्षित गाइड्स को भी रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। इस ट्रेन को उत्तराखण्ड से जुड़े विभिन्न गंतव्यों, उत्तराखण्डी व्यंजन, त्योहार आदि के चित्रों द्वारा सुसज्जित किया जायेगा, जिससे देश के विभिन्न शहरों से गुजरने पर इन गंतव्यों के बारे में आमजनमानस को जानकारी भी प्राप्त होगी। राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा एक नई पहल की गई है। जिसमें उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् एवं आईआरटीसी( Indian Railway catering and Tourism Corporation Limited)के बीच मानसखण्ड मंदिरों तथा अन्य स्थलों के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष टेज्न (मानसखण्ड एक्सप्रेस) संचालित किए जाने पर आज एक एमओयू (समझौता हस्ताक्षर) किया गया। मानसखण्ड स्थित विभिन्न मंदिरों के भ्रमण हेतु पहली ट्रेन अप्रैल, 2024 में कोलकाता से चलाई जाएगी। उसके बाद अन्य शहरों के लिए भी तैयारी की जा रही है। मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन हेतु हुए करार के अनुसार उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् का खर्च सालाना पांच करोड़ के लगभग होगा।

यह ट्रेन पूर्णागिरी, हॉट कालिका, पाताल भुवनेश्वर, मायावती, बालेश्वर, मानेश्वर, जागेश्वर, गोलू देवता-चितई, नंदादेवी, कसार देवी, कटारमल अल्मोड़ा, नानकमत्ता गुरूद्वारा खटीमा और नैना देवी नैनीताल ऐसे सम्भावित स्थल हैं जिनका मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन के यात्रियों के दर्शनार्थ प्रमुख स्थान हैं। मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन में पांच सौ यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। ट्रेन के सभी यात्री डिब्बे सेकेण्ड ए०सी० हैं। साथ ही ट्रेन में यात्रा के दौरान भोजन की भी व्यवस्था होगी। यात्रा के दौरान यात्रियों को उत्तराखण्ड के स्थानीय व्यंजन भी परोसे जाएंगे। यात्रा के दौरान होटल व्यवस्था, बसों द्वारा भ्रमण, गाइड आदि को टूअर पैकेज के रूप में आईआरटीसी रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

उत्तराखण्ड पर्यटन का यह नूतन प्रयास, भारत के सुदूर इलाकों से सैलानियों को उत्तराखण्ड के विभिन्न अल्पज्ञात दर्शनीय स्थलों तक पहुँचाने में कड़ी का काम करेगा। इस ट्रेन के संचालन से राज्य के पर्यटन विकास को एक नयी दिशा मिलेगी। मानसखंड स्थित मंदिरों की यात्रा के साथ शुरू होने वाली प्रथम ट्रेन अप्रैल माह में संचालित किया जाना प्रस्तावित है। भविष्य में तमिलनाडु से कार्तिक स्वामी मंदिर रुद्रप्रयाग, उड़ीसा से जगन्नाथ मंदिर - उत्तरकाशी आदि के लिए भी यात्रा कार्यक्रम बनाए जाएँगे।

इस ट्रेन में 500 यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। ट्रेन के सभी यात्री डब्बे, 2एसी हैं। साथ ही ट्रेन में भोजन की व्यवस्था भी होगी। यात्रा के दौरान भोजन आदि की व्यवस्था, प्रवास के दौरान होटल, बसों द्वारा भ्रमण, गाईड आदि को टुअर पैकेज के रूप में आरटीसी, जो रेल मंत्रालय, भारत सरकार का उपक्रम है, द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

# लक्सर पुलिस की शराब माफियाओं पर बड़ी कार्रवाही

## छापेमारी के दौरान ने 5 तस्करो को कच्ची शराब के साथ किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**लक्सर हरिद्वार।** हरिद्वार जनपद में इन दिनों शराब के अवैध कारोबार की रोकथाम के लिए सभी थानों को जन-जन के माध्यम से नशे के विरुद्ध एवं नशे से छुटकारा दिलाएं जाने को लेकर चौपाल कार्यक्रम किए जा रहे है। जिसके चलते जनता के बीच में जाकर चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाने के फल स्वरुप पुलिस को ग्रामीणों से लगातार सूचनाए मिल रही है। जिसके द्वारा अवैध शराब व अन्य नशों के कारोबारीयों पर कार्यवाही की जा रही है और प्रशासन नशे को जड़ से खत्म करने का प्रयास कर रहा हैं। प्रशासन द्वारा इन प्रयासों के बाद भी इस तरह के मामले सामने आना गंभीर विषय है। वही हैरानी तब होती है जब प्रशासन की सख्त कार्यवाही के बावजूद भी नशाखोरी का धंधा बंद नहीं होता या फिर इन नशेड़ियों पर कार्यवाही का कोई असर




नहीं होता है। आपको बतादें की लक्सर थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग स्थानो पर पांच व्यक्तियो को अवैध कच्ची शराब के साथ देखा गया है। वही इसकी सूचना लक्सर थाना पुलिस को दी गई, सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने कार्यवाही के दौरान पांच आरोपीयो को गिरफ्तार किया है।अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार आरोपीयो के कब्जे से 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई हैं। लक्सर थाना प्रभारी ने इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपीयो का नाम सचिन पुत्र पप्पू निवासी पीतपुर, अमित पुत्र महेन्द्र निवासी पीतपुर,नाथीराम पुत्र छतर सिंह निवासी कुआखेड़ा, राजू पुत्र इमरत निवासी हरचंदपुर, नीटू पुत्र नेपाल निवासी कुआखेड़ा थाना लक्सर जनपद हरिद्वार के ही निवासी है। लक्सर पुलिस ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए आरोपीयो को लक्सर क्षेत्र से अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वही कार्यवाही के दौरान मौके पर आरोपीयो के कब्जे से 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई है।

# नगला खुर्द की ग्राम प्रधान रेशमाद्वारा कराए गए विकास कार्यो हर तरफ हो रही है प्रशंसा

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**बहादराबाद हरिद्वार।** अक्सर गांव के प्रधान पर गांव में विकास कार्य न करने और भ्रष्टाचार का आरोप लगता है, लेकिन जनपद हरिद्वार के बहादराबाद ब्लॉक के गांव नगला खुर्द की ग्राम प्रधान रेशमा ने इन आरोपों को किनारे कर गांव में विकास कार्य की तस्वीर बेहतर कर दी है .गांव में सभी सुविधाओं को प्रधान ने हाईटेक किया है. सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ भी ग्रामीणों को मिल रहा है.सरकारी खजाने से ग्राम प्रधान को विकास कार्यों की सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए नई-नई कार्य योजनाओं पर काम किया जा रहा है। जिले में विकास कार्यों में अग्रणी श्रेणी में लाने के लिए ग्राम वासी ग्राम प्रधान की प्रशंसा करते हुए नहीं थक रहे हैं। ग्राम प्रधान रेशमा के प्रतिनिधि इमरान ने बताया है कि गांव में सभी सुविधाएं हाईटेक हैं. गांव के लोग भी प्रधान के कार्यों से संतुष्ट हैं. प्रधान का दावा है कि सरकार की हर महत्वकांक्षी योजना का लाभ गांव तक पहुंच रहा है , गांव में जो भी जरूरी कार्य है वह कराया जा रहा है थमे हुए विकास की रफ्तार अब सरपट दौड़ रही है गांव में नई-नई कार्य योजनाओं पर काम चल रहा है शासन और प्रशासन की मंशा के अनुरूप जनता से जुड़े विकास कार्य हो रहे हैं!



# लक्सर से बसपा विधायक शहजाद विधायक उमेश कुमार के बीच सदन में हुई बहस के बाद अब दोनों नेताओं के बीच आप और प्रत्यारोप का दौर जारी

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**रुड़की हरिद्वार।** रुड़की में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद ने विधानसभा सत्र में विधायक उमेश कुमार पर भाजपा का सहयोग करने का आरोप लगाया है। साथ ही बसपा विधायक मो शहजाद ने यह आरोप भी लगाया कि उनके साथ सदन में अभद्रता की गई जिसका बदला हरिद्वार की जनता विधायक उमेश कुमार से लेकर रहेगी। इसके साथ ही बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब तक उमेश कुमार सार्वजनिक माफी नहीं मांगते तब तक उनके पुतले हरिद्वार में विभिन्न क्षेत्रों में दहन किए जाएंगे। आज रुड़की में नहर किनारा स्थित पार्क में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बसपा प्रदेश अध्यक्ष शीशपाल ने कहा कि सदन में विधायक उमेश कुमार द्वारा बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद के साथ अभद्रता की गई हैं।वह बसपा पार्टी या विधायक को हल्के में लेने की कोशिश न करें बसपा इसका मुंहतोड़ जबाव देगी और बसपा कार्यकर्ता जिले की हर विधनसभा में उमेश कुमार के पुतले फूंकने का काम करेंगे। वहीं लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा कि विधानसभा सत्र से पूर्व हुई रविवार को हुई बैठक में तय हुआ था। कि सोमवार को कोई कार्य न करके दिवंगत हुए विधायकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद सदन को नियमानुसार चलाया जाएगा जिसमें प्रश्नकाल भी होगा। लेकिन सत्ता पक्ष चाहता था कि यूसीसी के लिए विशेष सत्र है और केवल यूसीसी पास हो किसी विधायक को इस पर चर्चा का अवसर न दिया। शहजाद के अनुसार विपक्ष के विधायको की बैठक में उमेश कुमार भी शामिल थे लेकिन उन्होंने सदन में सत्ता पक्ष का साथ देने का कार्य किया। उन्होंने सदन को रोकने का प्रयास किया और जिस समय यूसीसी पर चर्चा हो सकती थी वह सदन में वेल तक पोस्टर लेकर हंगामा करते रहे। उन्होंने कहा कि उमेश कुमार को जो सदन में बोलना चाहिए था वो बोला नही इससे साफ पता लगता है कि उनका मत भाजपा के साथ है और अगर वह भाजपा को लाभ पहुंचाना चाहते हैं तो खुलकर उनके पक्ष में कार्य करें जनता को धोखा देने का काम न करें। कहा कि सत्र में 69 में से 63 विधायक बोले जोड़ छह विधायक नही बोले उसमें एक उमेश कुमार है। उमेश कुमार को अपनी बात रखनी थी लेकिन वह सदन में न बैठकर लॉबी में बैठे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# टीनएज में सबसे जरूरी है त्वचा की देखभाल, ट्राई करें ये 4 सीक्रेट टिप्स

**टीनएज में स्किन प्रॉब्लम**

टीनएज लाइफ बहुत ही नाजुक होती है। इस उम्र में लड़कियों के हार्मोंस चेंज होने से चेहरे पर पिंपल और स्किन ऑयली हो जाती है, जिसके कारण उन्हें कभी-कभी शर्मिंदा होना पड़ता है। ऐसे में टीन एज में त्वचा की सबसे ज्यादा देखभाल जरूरी होता है। आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे हैं जिसके माध्यम से इस उम्र में त्वचा को निखारा जा सकता है। तमाम तरह की स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा पाया जा सकता है।



**ऑयली स्किन**

टीनएजर की स्किन अधिकतर औयली होती है, लेकिन इस से घबराना नहीं चाहिए। जब भी कॉलेज या कहीं घूमने के लिए तैयार हो रही हों तो मेकअप के साथ फेस पाउडर का उपयोग जरूर करें। यह आपके कॉम्प्लेक्शन को निखारने के साथ-साथ स्किन को स्मूथ टच भी देता है। इससे ऑयली स्किन से आपको निजात मिल जाएगी।

**पिंपल्स**

टीनएज में लड़कियां कई परेशानियों से जूझती हैं, खासकर तब जब उन्हें सुंदर दिखने के नुस्खों की आवश्यकता होती है। टीनएज में लड़कियों के चेहरे पर पिंपल्स निकल आते हैं, जिस से उन की सुंदरता और त्वचा की गुणवत्ता पर खराब असर पड़ता है। त्वचा पर मुहांसे या पिंपल होने का मुख्य कारण जवानी में प्रवेश करना या हार्मोन में परिवर्तन हो सकता है। रोकथाम के लिए कुछ उपाय अपना सकती हैं, जैसे- सुबह शाम चेहरा अच्छी तरह साफ करें और सोने से पहले चेहरे का मेकअप अच्छी तरह उतार लें। हमेशा हंसती मुसकराती रहें। अपने चेहरे, त्वचा और बालों पर ज्यादा कुछ न लगाएं। रोज सुबह ब्रश करने से पहले चेहरे पर शहद और अदरक का पेस्ट लगाएं। यह आप के चेहरे को झाइयों से दूर रखता है।


**कंसीलर**

जिस तरह आप की बैस्ट फ्रैंड आप की कमियों, गलतियों को छिपा देती है वैसे ही कंसीलर भी आप की त्वचा की कमियों को ढक देता है। स्किन के दाग धब्बे, चेहरे पर पिंपल्स, ऐक्ने के निशान आदि को कंसीलर खत्म कर देता है और आप का चेहरा मेकअप के लिए बेदाग नजर आने लगता है। टीनएजर की स्किन बड़ी मुलायम रहती है, इसलिए किसी भी तरह के फाउंडेशन की जरूरत इन्हें नहीं पड़ती है।

**गॉर्जियस लुक**

गॉर्जियस लुक पाने के लिए आई और लिप्स मेकअप पर खास ध्यान दें। थीम के अनुसार आई मेकअप मस्कारा, आईलाइनर का यूज करें, कैटी आई मेकअप आजकल ट्रैंड में है, इसे आजमा सकती हैं। कालेज जाते वक्त ज्यादा डार्क लिपकलर यूज न करें। न्यूड और लाइट पिंक लिपस्टिक का उपयोग करें।

# गर्दन की अकड़न और दर्द से तुरंत छुटकारा दिलाते हैं ये 5 घरेलू नुस्खे



**क्यों होती है गर्दन में अकड़न**

गर्दन पर अचानक पड़ने वाले दबाव की वजह से नेक बोन से जुड़े सॉफ्ट टिश्यू और लिगामेंट को नुकसान पहुंच सकता है। गर्दन में मोच आने का प्रमुख कारण टिश्यू और लिगामेंट में चोट लगना है। इस चोट की वजह से गर्दन में दर्द, अकड़न, सिरदर्द हो सकता है। कुछ लोगों में तो इस चोट की वजह से ब्रेन नर्व भी प्रभावित होती हैं। ब्रेन नर्व का प्रभावित होना खतरनाक है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति अपंग भी हो सकता है। हालांकि सामान्य तौर पर गर्दन की मोच जीवन के लिए खतरनाक नहीं होती है और प्रॉपर केयर से कुछ समय में यह चोट अपने आप ठीक हो जाती है।

**आइस पैक लगाएं**

गर्दन की दर्द में आइस पैक काफी लाभ पहुंचाता है। आप चाहें तो बरफ के टुकड़े को कपड़े में बांध कर दर्द पर रख सकते हैं। इससे दर्द में काफी आराम मिलेगा। गर्दन में मोच आने पर आमतौर पर गर्दन के लिगामेंट और टेंडन में चोट आ जाती है। चोट से राहत के लिए गर्दन को आराम देना जरूरी होता है। इसलिए चोट लगने के बाद कुछ हफ्तों तक कॉलर का इस्तेमाल करें।

**भ्रामरी प्राणायाम**

पद्मासन, सिद्धासन, सुखासन में या कुर्सी पर रीढ़ व सिर को सीधा कर बैठ जाएं। दोनों हाथों को जमीन से ऊपर उठाकर अंगूठे या किसी अन्य अंगुली से कान को बंद कर लें। एक गहरी श्वास अंदर लेकर नाक या गले से भौंरे के गुंजार जैसी आवाज तब तक निकालें, जब तक पूरी श्वास बाहर न निकल जाए। यह भ्रामरी की एक आवृत्ति है। इसकी 15 से 20 आवृत्ति का अभ्यास कीजिए।

**मसाज के बाद सिंकाई**

गर्दन में दर्द होने पर तेल से हलका मालिश करें। मालिश हमेशा गर्दन से कंधे की ओर करें। मालिश के बाद गर्म पानी की थैली से या कांच की बोतल में गर्म पानी भरकर सिंकाई करें। सिंकाई के तुरंत बाद खुली हवा में न जाएं और न ही कोई ठंडा पेय पीने की कोशिश करें।

**अदरक, हींग एवं कपूर**

यह एक दर्द निवारक दवा के रूप में काम करती है। अगर आप अदरक पावडर को पानी में मिला कर पियें या फिर इसे घिस कर गरम पानी में मिला कर पेस्ट बना कर गरदन पर लगाएं तो राहत मिलेगी।हींग एवं कपूर समान मात्रा में लेकर सरसों तेल में फेंटकर क्रीम की तरह बना लें। इस पेस्ट को गर्दन में लगाकर हल्के हाथों में मालिश करने पर दर्द आराम हो जाता है।

# रोटियों से ऐसे बनाएं चटपटे नूडल्स



कितने लोगों के लिए : 2


सामग्री :

6 रोटियों के लंबाई में कटे हुए टुकड़े, बारीक कटा 1 बड़ा प्याज, बारीक कटे तीन टमाटर, लंबाई में कटी 1 गाजर, 2 कटी हुई हरी मिर्च, 1 टेबलस्पून सोया सॉस, 1 टेबलस्पून धनिया पाउडर, 1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1 टी स्पून हल्दी पाउडर, 1 टीस्पून गरम मसाला पाउडर, नमक स्वादानुसार, गार्निशिंग के लिए धनिया पत्ती, 1 टेबलस्पून तेल।

विधि :

कड़ाही में तेल गर्म करें। उसमें प्याज और हरी मिर्च डालकर 3 मिनट तक फ्राई करें। अब उसमें गाजर और टमाटर के टुकड़े डालकर 5 मिनट तक फिर फ्राई करें। सब्जियों के फ्राई हो जाने के बाद उसमें नमक और सभी मसाले डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। अब उसमें सोया सॉस डालकर मिलाएं। उसके बाद उसमें रोटी के टुकड़े मिलाएं। अच्छी तरह चलाने के बाद धनिया पत्ती से सजाकर गर्मागर्म सर्व करें।

# सूर्य की हानिकारक किरणों से त्वचा को बचाते हैं ये 5 ग्रुमिंग टिप्स



बेशक, धरती पर जीवन के लिए जरूरी है सूरज। लेकिन, सूर्य की हानिकारक किरणों से हमारी त्वचा को पहुंच सकता है नुकसान। सूर्य की हानिकारक अल्ट्रावॉयलेट (पराबैंगनी) किरणें त्वचा पर डालती हैं विपरीत प्रभाव। गर्मियों में इनका असर और भी अधिक बढ़ जाता है। आप जितना अधिक समय सूरज की रोशनी में बिताते हैं आपकी त्वचा को उसकी उतनी ही कीमत चुकानी पड़ती है। सूर्य की हानिकारक किरणों के प्रभाव के कारण त्वचा समय से पहले ही बूढ़ी लगने लगती है। इसलिए जरूरी है कि आप इन गर्मियों में अपनी त्वचा का पूरा खयाल रखें।

**1- एक्फालिटेनिंग**

अपनी त्वचा को नियमित रूप से एक्फालिटेनिंग (मृत त्वचा उतारना) करना बहुत अच्छा रहता है। इससे आप त्वचा की मृत कोशिकाओं से छुटकारा पा लेते हैं। इससे त्वचा टोन होती है और उसे पोषण मिलता है। हर सुबह टोनर, मॉश्चराइजर अथवा मेकअप करने से पहले, अपनी त्वचा को एक्फालिएट करें। इसके बाद अपनी त्वचा पर सनस्क्रीन लगायें। अपनी त्वचा को पोषण देने के लिए सप्ताह में एक या दो बार एंटी-ऑक्सीडेंट्स मास्क लगायें।

**2- पानी की कमी न होने दें**

धूप मे अधिक वक्त बिताने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इससे सिरदर्द और चक्कर आने की शिकायत हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप दिन में कम से कम आठ गिलास पानी पियें। इससे आपकी त्वचा में जरूरी नमी बनी रहेगी और साथ ही शरीर से विषैले पदार्थ भी बाहर निकल जाएंगे। इसका असर भी आपकी त्वचा पर नजर आएगा। कैफीनयुक्त पदार्थों का सेवन न करें और यदि आप ऐसा नहीं कर सकते, तो अपने जल उपभोग की मात्रा को तीन गुना कर दें।

**3- सनस्क्रीन जरूर लगायें**

यदि आप सोचते हैं कि सुबह के वक्त सनस्क्रीन लगाना ही काफी है, तो आप गलत हैं। आपको इसका नियमित और अच्छी मात्रा में इस्तेमाल करना चाहिए। आपको कम से कम टी-स्पून सनस्क्रीन हर दो घंटे बाद लगानी चाहिए।

**4- क्षतिग्रस्त त्वचा को करें शांत**

यदि आप बिना किसी सुरक्षा कवच के धूप में घूमते हैं, तो इससे आपकी त्वचा को काफी नुकसान होता है। आपकी जिम्मेदारी है कि अपनी त्वचा को कुछ जरूरी पोषण दिया जाए। अपनी त्वचा पर बोटेनिकल्स और कूलिंग जैल का इस्तेमाल करें। इससे आपकी त्वचा छिलने से बचेगी और साथ ही उसकी जलन भी कम होगी।

**5- करें त्वचा की मरम्मत**

सूरज की किरणें न केवल आपकी त्वचा को जलाती हैं, बल्कि इसके साथ ही यह गहरे निशान, झुर्रियां, जलन और लालिमा का भी कारण बनती हैं। इसके साथ ही यह ऑक्सीजन मालेक्यूल्स का निर्माण भी रोकने का काम करती हैं। टैनिंग भले ही आपको सामान्य लगे, लेकिन इसका अर्थ होता है कि आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा है। अपनी त्वचा को सूर्य की हानिकारक यूवी किरणों से बचायें।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S

GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE OF SCIENCE, COMMERCE & ARTS

*Affiliated to the University of Mumbai (College Code 527) *Linguistic Marwari Minority College*

* Accredited (1st Cycle) by NAAC with B+ Grade *ISO 9001:2015 Certified

ABVMAJK

IS CELEBRATING ITS INTER-COLLEGIATE FESTIVAL



# AURA



ON

12th , 13th & 14th February, 2024

IN GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE AUDITORIUM, UPPER GOVIND NAGAR, MALAD EAST

**BE THERE TO ENJOY THE FUN, THRILL & EXCITEMENT !!!**

Brochure